## आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 12.07.2026 समय : 1905

<><><><><><><>

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इंडोनेशिया, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के साथ संबंधों को नई गति देने वाली छः दिवसीय यात्रा के बाद स्वदेश लौटे।
2. ओमान तट के पास वाणिज्यिक पोत पर हुए हमले की भारत ने कड़ी निंदा करने के साथ ही ओमान सरकार नागरिकों की सुरक्षा के लिए आभार व्यक्त किया ।
3. पर्यटन निदेशालय की ओर से मध्योत्तर अंडमान में स्कूबा डाइविंग के लिए आठ नए स्थलों की पहचान की गई।
4. सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय ने एम एस एम ई आइडिया हैकाथॉन 6.0 के लिए उम्मीदवारों से चौदह जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन जमा करने को कहा है।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इंडोनेशिया, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड की छह दिन की सफल यात्रा के बाद नई दिल्ली लौट आए हैं। तीन देशों की यात्रा के तीसरे और अंतिम चरण में, प्रधानमंत्री ने न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन के निमंत्रण पर दस से ग्यारह जुलाई तक ऑकलैंड का दौरा किया। न्यूजीलैंड की यह यात्रा किसी भी भारतीय प्रधानमंत्री की चालीस वर्षों में पहली यात्रा थी।

<><><><><><><>

भारत ने आज ओमान तट के पास वाणिज्यिक पोत जी.एफ.एस गैलेक्सी पर हुए हमले की कड़ी निंदा की है। इसके साथ ही नागरिकों की सुरक्षा के लिए भारत ने ओमान की सरकार का आभार व्यक्त किया है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि क्षेत्र में वाणिज्यिक जहाजों और नागरिक बुनियादी ढांचे को निशाना बनाया जाना बंद होना चाहिए तथा अंतरराष्ट्रीय कानून के अनुरूप अंतरराष्ट्रीय समुद्री मार्गों पर निर्बाध नौवहन और व्यापार जल्द से जल्द बहाल किया जाना चाहिए।

<><><><><><><>

केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि सतत भविष्य सुनिश्चित करने तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधा रोपण बहुत ही महत्वपूर्ण है। नई दिल्ली में वृक्ष मित्र और पर्यावरण संरक्षण संकल्प कार्यक्रम

को संबोधित करते हुए श्री चौहान ने कहा कि आज पूरी दुनिया जलवायु परिवर्तन और धरती का तापमान बढ़ने को लेकर चिंतित है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस संकट से निपटने के लिए कई पहल की हैं। देश में नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता में महत्वपूर्ण वृद्धि हुई है। श्री चौहान ने पर्यावरण की रक्षा और संरक्षण के लिए एक पेड़ माँ के नाम अभियान और मिशन लाइफ जैसी पहलों का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत ने वर्ष दो हजार सत्तर तक शून्य कार्बन उत्सर्जन का लक्ष्य निर्धारित किया है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह के गैर–सीटीईटी योग्य शिक्षकों की सुविधा के लिए शिक्षा विभाग की ओर से www.youtube.com/@SIEOfficial-AN के माध्यम से दैनिक ऑनलाइन कक्षाएं आयोजित की जा रही है। इस संबंध में, आगामी सीटीईटी परीक्षा – 2026 के लिए समय सारणी के अनुसार मॉक टेस्ट आयोजित किया जाएगा। मॉक टेस्ट 18 जुलाई से 29 अगस्त तक चलेगा। सभी गैर–सीटीईटी योग्य शिक्षक परीक्षा की तैयारी के लिए ऑनलाइन मॉक टेस्ट में शामिल हो सकते हैं। यह परीक्षा राज्य शिक्षा संस्थान के मार्गदर्शन में संबंधित क्षेत्रीय अधिकारियों द्वारा आयोजित की जाएगी।

<><><><><><><>

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन– ईपीएफओ ने माफी योजना–2026 शुरू की है। इसके तहत आयकर अधिनियम, 1961 के अंतर्गत मान्यता प्राप्त छूट के साथ भविष्य निधि ट्रस्ट संचालित करने वाले प्रतिष्ठानों को अपनी स्थिति नियमित करने का एकमुश्त अवसर प्रदान किया गया है। श्रम और रोजगार मंत्रालय ने कहा है कि यह योजना छह महीने की अवधि तक लागू रहेगी।

<><><><><><><>

पर्यटन निदेशालय की ओर से मध्योत्तर अंडमान के मायाबंदर और डिगलीपुर में स्कूबा डाइविंग के लिए आठ नए स्थलों की पहचान की गई है। चिह्नित स्थलों में मायाबंदर के नॉर्थ ऑफ साउंड आइलैंड रॉक, मार्कर–077 और बोचांग, जबकि डिगलीपुर के हिरण टिकरी, लैंडफॉल ईस्ट, रॉस एंड स्मिथ का हाउस रीफ, पेजेट आइलैंड तथा लैंडफॉल साउथ शामिल हैं। इनमें से अधिकांश स्थलों पर बोट डाइविंग तथा रॉस एंड स्मिथ में शोर डाइविंग की सुविधा उपलब्ध होगी। विभाग के अनुसार, इस पहल से मध्योत्तर अंडमान में पर्यटन गतिविधियों का विस्तार होगा और स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। अब इन आठ नए स्थलों के जुड़ने से स्कूबा डाइविंग के कुल बारह अधिकृत स्थल हो गए हैं, जहां पर्यटक प्रवाल भित्तियों और समृद्ध समुद्री जैव विविधता का अनुभव ले सकेंगे।

<><><><><><><>

महिला और बाल विकास मंत्रालय ने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए नामांकन आमंत्रित किए हैं। यह पुरस्कार पांच से अट्ठारह वर्ष के बच्चों की असाधारण उपलब्धियों के लिए दिए जाते हैं। नामांकन जमा करने की अंतिम तिथि इक्कतीस जुलाई है। मंत्रालय ने बताया कि नामांकन अवॉर्डस डॉट जीओवी डॉट आईएन पोर्टल पर किए जा सकते हैं। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार खेल, सामाजिक सेवा, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, पर्यावरण, कला तथा संस्कृति के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को प्रदान किया जाता है। यह पुरस्कार कठिन परिस्थितियों में असाधारण साहस का प्रदर्शन करने वालों को भी दिया जाता है।

<><><><><><><>

समाज कल्याण निदेशालय ने वर्ष 2026–27 के लिए अन्य पिछड़ा वर्ग एवं आर्थिक रूप से पिछड़ा वर्ग के पात्र विद्यार्थियों से प्री–मैट्रिक, पोस्ट–मैट्रिक छात्रवृत्ति तथा ओबीसी छात्रों के लिए अतिरिक्त छात्रवृत्ति (यूटी) योजना के तहत ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं। सभी योजनाओं के लिए इच्छुक छात्र इक्कतीस अक्तूबर तक राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल scholarships.gov.in के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

<><><><><><><>

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय ने एम एस एम ई आइडिया हैकाथॉन 6.0 के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। यह मंत्रालय की प्रमुख नवाचार पहल है, जिसमें अट्ठारह वर्ष या उससे अधिक आयु के भारतीय नागरिक एम एस एम ई, छात्र और अन्य श्रेणियों के अंतर्गत भाग ले सकते हैं। प्रतिभागी छह विषयगत क्षेत्रों में अपने नवाचार संबंधी विचार प्रस्तुत कर सकते हैं। इच्छुक उम्मीदवार my.msme.gov.in के माध्यम से चौदह जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन जमा कर सकते हैं। चयनित नवाचारों को विशेषज्ञों का मार्गदर्शन, इन्क्यूबेशन सहायता तथा प्रत्येक स्वीकृत विचार के लिए अधिकतम पन्द्रह लाख रुपये तक की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी।

<><><><><><><>

मत्स्य पालन विभाग, की ओर से वर्ष 2026–27 के लिए नए मोटर चालित मछली पकड़ने वाली नावों के निर्माण और खरीद के लिए सब्सिडी' नामक केंद्र शासित प्रदेश योजना के तहत आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इस योजना के तहत सामान्य मछुआरों, बेरोजगार युवा, स्थानीय उद्यमियों और मत्स्य सहकारी

समितियों के लिए इकाई लागत का 50 प्रतिशत, जबकि अनुसूचित जनजाति और जनजातीय सहकारी समितियों के लिए इकाई लागत का 75 प्रतिशत अनुदान दिया जाएगा। इसके लिए आवेदक का द्वीपसमूह का मछुआरा होना अनिवार्य है। इच्छुक आवेदक आवेदन पत्र और विस्तृत दिशानिर्देश मत्स्य निदेशालय, क्षेत्रीय मत्स्य कार्यालयों या अपने निकटतम मत्स्य उप–केंद्रों से प्राप्त कर सकते हैं। आवेदन पत्र प्रशासन की आधिकारिक वेबसाइट पर भी उपलब्ध है। पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन पत्र 15 जुलाई तक निकटतम क्षेत्रीय मत्स्य कार्यालय या उप–केंद्रों पर जमा किए जा सकते हैं।

<><><><><><><>

कार निकोबार के जिला कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण ने विस्तार सुधारों के लिए राज्य विस्तार कार्यक्रमों को सहायता योजना के तहत अनुबंध के आधार पर विभिन्न पदों पर आवेदन आमंत्रित किए हैं। अधिसूचना के अनुसार ब्लॉक टेक्नोलॉजी मैनेजर के दो और असिस्टेंट टेक्नोलॉजी मैनेजर के छः पदों पर नियुक्ति की जाएगी। उम्मीदवार की आयु पैंतालीस वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। चयनित उम्मीदवारों को प्रतिमाह तीस हजार और पच्चीस हजार रूपये का मानदेय दिया जाएगा। आवेदन पत्र आवश्यक दस्तावेजों के साथ पहली अगस्त तक कृषि सहायक निदेशक कार्यालय, पेरका में जमा किए जा सकते हैं। पात्र उम्मीदवारों की सूची सात अगस्त को जारी की जाएगी।

<><><><><><><>